तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 11 नवंबर 2024





12 राजप्रधान सुनीता ने पदभार ग्रहण किया



12 पेंशनर्स संघ का दीपावली मिलन हुआ




## नवमीं पर महिलाओं ने की आंवला पेड़ की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रवान

■ जीवन में समृद्धि और खुशहाली के लिए मांगा आशीर्वाद

आंवला नवमीं पर हिरमी, मोहरा, रावन, सकलोर में महिलाओं ने रविवार को आंवले पेड़ की पूजा–अर्चना विधि–विधान और भक्ति भाव से की। आंवला नवमीं के उपलक्ष्य में तालाब किनारे, प्रोजेक्ट कॉलोनी, गायत्री माता मंदिर में आंवले के वृक्ष का पूजन–हवन आरती के लिए महिलाओं की भीड़ लगी रहीं। पूजा के बाद महिलाओं ने व्यंजनों, ऋतु फल और मिठाई का भोग लगाया। सूती धागा आंवले के पेड़ से लपेटकर परिक्रमा लगाईं। परिवार की सुख–शांति, खुशहाली और समृद्धि की कामना भगवान सत्यनारायण से की।



इस दौरान महिलाओं ने एक–दूसरे को सुहाग सामग्री वितरितकी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन आंवले के पेड़ की पूजा की जाती हैं। साथ ही भगवान विष्णु का भी पूजन किया गया। कहते हैं जो महिलाएं इस दिन आंवले के पेड़ का पूजन कर विष्णु भगवान को पकवानों का भोग लगाती हैं। पेड़ के नीचे भोजन प्रसाद स्वरूप ग्रहण करती हैं, उनके जीवन में समृद्धि और खुशहाली आती हैं।

### आंवला पेड़ की छांव में किया भोजन

**कसडोल।** अक्षय या आंवला नवमीं पर नगर कसडोल की महिलाएं विकासखंड मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर सिद्धबाबा के जंगल में आंवला वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना कर पेड़ के नीचे भोजन किया। विदित हो कि अक्षय नवमीं या आंवला नवमीं पर्व के दिन आंवले के वृक्ष की पूजा करने के बाद पेड़ के नीचे बैठकर भोजन करने से भगवान विष्णु और भगवान शिव का आशीर्वाद मिलता है, जिससे घर में धन, संपदा, यश, वैभव, अच्छा स्वास्थ्य व सम्मान के साथ सौहार्द आता है। ऐसे में इस पर्व को क्षेत्र में लोग बड़े भक्तिभाव व आस्था से मनाते हैं। आंवला वृक्ष के पूजा अर्चना के दौरान सविता पाण्डेय, पूनम पाण्डेय, ममता पाण्डेय, मोनिका दुबे, किरन तलरेजा, देविका तलरेजा, अलंकृता पाण्डेय, पल्ल्वी पाण्डेय, अभिजीत, स्कंधा, नव्यश्री, आदविक, भूपेंद्र पाण्डेय, शंकर तलरेजा, आशीष दुबे सहित अन्य मौजूद थे।



### खबर संक्षेप

#### बालसी में 3 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** जिले के सरायपाली क्षेत्र के ग्राम बालसी में एक व्यक्ति के घर बाड़ी से पुलिस ने महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बालसी में महेश अजय घर बाड़ी में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंचकर आरोपी के कब्जे से 2 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 400 रुपए जब्त कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसी तरह सांकरा पुलिस ने ग्राम सपोस आरोपी कमलेश पिता ओमप्रकाश अग्रवाल के घर के सामने से कुल 03 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 600 रुपए जब्त किया। मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई।

#### दुकान के सामने बैठ पी रहे थे शराब, मना किया तो दुकानदार को पीटा

**महासमुंद।** शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत नया मछली मार्केट में एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट की। पुलिस ने बताया कि शहबाज कुरैशी निवासी नयापारा मछली मार्केट दलदली रोड मटन/मुर्गा दुकान का संचालन करता है। 8 नवंबर को सुबह लगभग 9 बजे विक्की ठाकुर निवासी दलदली रोड अपने साथी कुणाल एवं सचिन के साथ उसके मटन मुर्गा दुकान के सामने बैठकर शराब पी रहे थे, जिसे मना करने पर तीनों ने विवाद किया, उसके बाद देख लेने की धमकी देते हुए चले गए। बाद 9 नवंबर की रात लगभग 8:30 बजे जैसे ही प्रार्थी अपने दुकान को बंद कर घर जाने के लिए निकल रहा था, उसी समय आरोपी विक्की ठाकुर और उसके साथी कुणाल एवं सचिन वहां आकर गाली गुफ्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

#### ठगी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले के बसना थाना क्षेत्र के ग्राम सरायपाली में सोने चांदी को चमका देने का झांसा देकर लाखों रुपए के जेवर लेकर फरार एक आरोपी और को बसना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी से ठगी कर ले गए मंगलसूत्र सहित अन्य सोने चांदी के जेवर के अलावा आरोपी से पुलिस ने 1 लाख 69 हजार 600 रुपए नगद बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को धारा 318 (4), 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है। बता दें कि अमन कुमार साव पिता अरुण कुमार 24 साल गोपालपुर जिला भागलपुर का निवासी अपने एक साथी फकीर सोना के साथ मिलकर जिले के बसना थाना इलाके में महिलाओं को पाउडर से सोने चांदी के गहने चमकाने के बहाने महिलाओं के साथ ठगी कर फरार हो गए थे, जिसकी रिपोर्ट बसना थाना में कुछ महिलाओं ने दर्ज कराई थी महिलाओं की रिपोर्ट पर बसना पुलिस ने एक आरोपी अमन कुमार साव को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरा आरोपी पुलिस की गिरफ्तार से बाहर बताया जा रहा है, जिसकी तलाश जिला पुलिस कर रही है।

### कार्रवाई : सुबह चार बजे भुसड़ीपाली परिसर के कक्ष क्रमांक 242 में दबोचा

## वन विभाग की टीम ने जब्त की भरमार बंदूक, पांच शिकारी गिरफ्तार, दो फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल/गिधौरी

बलौदाबाजार वनमंडल के वन अमलों द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित रूप से गश्ती की जा रही है। इसी दौरान शनिवार की रात लगभग 9 बजे, परिक्षेत्र अर्जुनी अंतर्गत वन क्षेत्र में गश्ती के दौरान परिक्षेत्र अर्जुनी रात्रि गश्ती टीम द्वारा कुछ लोगों को जंगल की तरफ गांजरडीह बीट में जाते हुए देखा। गश्ती टीम ने उनका पीछा किया गया और जंगल में छिपकर उनको पकड़ने के लिए घात लगाकर बैठे रहे। सुबह करीब 4 बजे शिकार के 5 आरोपियों को वन विभाग द्वारा धर दबोचा, जिसमें मुख्य शिकारी कमल सिंह ग्राम गांजरडीह रहा। उक्त आरोपी पूर्व में भी वन्यप्राणी के शिकार केस में जेल भेजा जा चुका है और जमानत में बाहर आकर पुनः शिकार की घटनाओं को अंजाम देता रहा। वन विभाग के मुताबिक उक्त व्यक्ति आदतन शिकारी है, इसके अलावा अन्य 4 आरोपी क्रमशः कुंजराम विश्वकर्मा ग्राम करमेल, कुबेर सिंह भोई ग्राम करमेल, चैनूराम भोई ग्राम करमेल एवं युधिष्ठिर भोई ग्राम करमेल है। इनके पास से शिकार सामग्री करीब 6.7 किग्रा जी आई तार एवं सेट्रींग तार जब्त किया गया, जिसे जंगल में फैलाकर लकड़ी की खुंटी लगाकर 11000 वोल्ट के विद्युत खम्भे में कनेक्शन कर वन्यप्राणी के शिकार को अंजाम देने का प्रयास कर रहे थे। उपरोक्त गश्ती टीम में गोविंद राम निषाद वनरक्षक परिसर रक्षी गांजरडीह, सनद यादव, भानु प्रसाद केंवट, तुलाराम, मनोहर सुरक्षा श्रमिक शामिल थे। इसके पूर्व 2 दिन पहले ही वन विभाग की टीम द्वारा गांजरडीह एवं सराईपाली के आस-पास के गांव में बाघ एवं अन्य वन्यप्राणी विचरण के संबंध में मुनादी कराया गया था ग्रामीणों को समझाईस दी गयी थी, कि वन क्षेत्र में न जावें। उसके बाद भी शिकारियों द्वारा वन्यप्राणी के शिकार करने का प्रयास किया गया। हालांकि वन विभाग की टीम ने शिकार होने के पूर्व ही शिकारियों को धर दबोचा। इसके पूर्व सोनाखान परिक्षेत्र के भुसड़ीपाली बीट में भी दो बंदूकधारी शिकारियों को उनके शिकार के पूर्व ही उन्हें पकड़ लिया गया था। उक्त शिकार में संलिप्त 05 शिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत आवश्यक कार्यवाही कर जेल भेजा गया।



#### फरार आरोपियों के घर से बगैर नंबर की बाइक जब्त

उक्त रात गश्ती टीम में परिक्षेत्र अर्जुनी के हरिराम साहू वनपाल, सुशील कुमार पैंकरा वनरक्षक, मुकुल बघेल वनरक्षक एवं अन्य सुरक्षा श्रमिक शामिल थे। उक्त कार्रवाई के लिए उप वन मंडलाधिकारी कसडोल, परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान, परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी एवं वन कर्मचारियों की संयुक्त टीम फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए छापामारी कार्रवाई की, जहां आरोपी अपने घरों से फरार हो गये थे, किन्तु उनके पास से 1 मोटर सायकिल हिरो डिलक्स बिना नंबर एवं अन्य शिकार संबंधी सामग्री जब्त की गई है। उक्त शिकार में संलिप्त 2 आरोपी को परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान सुनीत साहू ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के साथ आर्म्स एक्ट 1959 के तहत कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी कसडोल के सुपुर्द किया है।

## शिवरीनारायण मठ में मनी गोपाष्टमी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

श्री शिवरीनारायण मठ में गोपाष्टमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर गौशाला में गौ माता की पूजा अर्चना की गई। उन्हें पुष्पमाला पहनकर, तिलक लगाकर मिष्ठान एवं फल का भोग लगाया गया। विधिवत आरती की गई। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास ने गोपाष्टमी के संदर्भ में कहा कि–आज ही के दिन माता यशोदा से आशीर्वाद प्राप्त कर भगवान श्री कृष्ण ने गौचारण प्रारंभ किया था। गौ माता संपूर्ण विश्व की माता है, हमें उनका संरक्षण एवं संवर्धन करना चाहिए। एक गौमाता की पूजा अर्चना से समस्त देवी–देवताओं की पूजा का पुण्य लाभ प्राप्त होता है। इस अवसरपर सुखराम दास, त्यागी महाराज, तीर्थाटन पर आये हुए संत महात्मा, टुकराम वर्मा, पंकज यादव, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव एवं श्रद्धालु भक्तजन सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

## दो निर्दलीय पार्षदों ने भाजपा प्रवेश किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

नगर पंचायत के दो निर्दलीय पार्षद वार्ड 2 के नंदकुमार वर्मा एवं वार्ड 14 के केशव रात्रे ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति एवं राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल की उपस्थिति में दोनों ने भाजपा प्रवेश किया। गौरीशंकर अग्रवाल और जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने दोनों पार्षदों को गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया।

## खपरी, चरौदा, धौराभाटा में सुआ नृत्य स्पर्धा कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

क्षेत्र में चरौदा, खपरी भ, धौराभाठा सहित विभिन्न स्थानों में देवउठनी एकादशी पर्व पर राज गौरा सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 12 नवंबर को रखा गया है। इसमें आसपास एवं राज्यभर के प्रतिभागी सुआ नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचेंगे। इसमें प्रतिभागियों के लिए विशेष रूप से पुरस्कार रखा गया है। कार्यक्रम दो–तीन किलोमीटर के दायरे में होने के कारण प्रतिभागी अधिक मात्रा में इन तीन गांव में पहुंचते हैं। खपरी भ प्रतिभागियों के लिए प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए, द्वितीय 7 हजार, तृतीय 5 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 3 हजार, पंचम 2 हजार, षष्ठम 1500 रुपए और सप्तम पुरस्कार 1000 रुपए रखा गया है। वहीं सभी टीम को संत्वना राशि 501 रुपए दिए जाएंगे। चरौदा में प्रथम पुरस्कार 15551 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 11000 रुपए तृतीय पुरस्कार 9000 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 7000 रुपए, पंचम पुरस्कार 5000 रुपए, सभी टीम को संत्वना राशि 501 रुपए।

इसी प्रकार ग्राम धौराभाठा में भी प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7501 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5101 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3101 रुपए, पंचम पुरस्कार 2101 रुपए, षष्ठम पुरस्कार 1501 रुपए एवं सभी टीम को संत्वना राशि 1501 रुपए दी जाएगी।

## 100 मी. दौड़ में उदय व आरती रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

### टुण्डरा में खेलकूद प्रतियोगिता





नगर टुण्डरा में सखा मित्र मंडल रक्तदान समूह टुण्डरा कौवाताल द्वारा खेलकुद दौड़ महिला पुरुष, लम्बी कूद महिला पुरुष, कुर्सी दौड, महिला एवं तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 10 नवम्बर को किया गया। प्रतियोगिता में 1600 मीटर दौड में प्रथम चंन्द्र प्रकाश रात्रे पामगढ़, दूसरा मनीष ध्रुव रतनपुर, तृतीय अनिल यादव पामगढ़, 100 मीटर दौड़ पुरूष वर्ग में क्रमशः उदय कुमार रोहिना, युगेन्द्र पटेल पलाडी, धनेश्वर सरसींवा 100 मीटर महिला दौड़ में आरती मरावी पामगढ़, सतरूपा यादव पामगढ़, शीतल यादव भटगांव लम्बीकूद पुरुष वर्ग उदयकुमार, युगेन्द्र पटेल, आलोक पटेल, लम्बी कुद महिला वर्ग में शीतल यादव, आरती मरावी, सतरूपा यादव, कुर्सी दौड़ बालक वर्ग में भूपेश साहू, उज्वल साहू, लालु कुमार पटेल, कपील पटेल, कुर्सी दौड़ महिला वर्ग में भूमिका यादव लोहर्सी, तुलिका कश्यप मिसदा, लकेश्वरी कैवर्त्य खपरीडीह, तैराकी प्रतियोगिता में भानूसिंग कंवर धनसीर, मिहिर कैवर्त्य धनसीर, सुनील कुमार यादव ठाकुरदिया विजेता रहे। इस दौरान नगर के वरिष्ठजनों ने एवं खेल प्रेमी व्यापारी वर्ग, कृषि सेवा, एचपी गैस एजेन्सी, जोहार कोल्ड डीक, शगुन कम्प्यूटर, प्रदीप डीजे, भोजराम पोल्टरी, अन्नपूर्णा एशियन पेंट, जय इनफोटेक कम्प्यूटर आदि ने उत्साहवर्धन के लिये नकदी पुरस्कार वितरण में आर्थिक सहयोग प्रदान कर खिलाड़ियों एवं आयोजकों का मनोबल बढ़ाया।

### कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा सहित पवित्र नदियों में स्नान का महत्व

## कल मनाया जाएगा देवउठनी एकादशी का पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवंबर माह हिंदू धर्म के अनुयायियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस महीने छठ पर्व का समापन हो गया है, शनिवार को आवला नवमी तथा मंगलवार को देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह का पर्व मनाया जाना है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा सहित पवित्र नदियों में स्नान का अत्यधिक महत्व है। आंवला नवमी के बाद 12 नवंबर देवउठनी एकादशी, 13 नवंबर प्रदोष व्रत तुलसी विवाह, 15 नवंबर कार्तिक, पूर्णिमा देव दिवाली सत्यनारायण व्रत, 16 नवंबर वृश्चिक संक्रांति, 17 नवंबर रोहिणी व्रत, 18 नवंबर संकष्टी गणेश चतुर्थी, 22 नवंबर कालभैरव जयंती, 23 नवंबर कालाष्टमी, 26 नवंबर उत्पन्ना एकादशी, 28 नवंबर प्रदोष व्रत और 29 नवंबर को मासिक शिवरात्रि रहेगी।

#### 12 नवंबर को तुलसी विवाह का आयोजन

12 नवंबर को तुलसी विवाह का आयोजन किया जाएगा। हिंदू धर्म में तुलसी पूजा का दिन विशेष महत्व रखता है। इस दिन तुलसी माता का विवाह भगवान शालिग्राम के साथ संपन्न करवाया जाता है। इससे एक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही जीवन में खुशियों का आगमन होता है। इसके चलते ही हर घर में तुलसी की पूजा की जाती है।

#### योगनिद्रा से जागृत होंगे देव

देवउठनी एकादशी 12 नवंबर को मनाई जाएगी। इसे देवोत्थान एकादशी या प्रबोधिनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु चार माह की योगनिद्रा के बाद जागृत होते हैं। देवउठनी एकादशी तिथि से सभी प्रकार के मांगलिक कार्य किए जाते हैं। इस शुभ अवसर पर भगवान विष्णु की भक्ति भाव से पूजा की जाती है।

### कलार समाज ने मनायी सहस्त्रबाहु जयंती



**पलारी।** चरौदा में सहस्त्रबाहु भगवान की जयंती रविवार को कलार समाज द्वारा धूमधम के साथ मनाई गई। इस दौरान कलश यात्रा निकाली गई। साथ ही कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें समाज के ग्राम प्रमुख मनीराम जायसवाल, शिक्षक बृजभूषण जायसवाल, मोहन जायसवाल, घनश्याम, टेकराम, दिनेश, हेमन्त, उमेश सिन्हा एवं बड़ी ही संख्या में समाज की महिलाएं, बच्चे शामिल थे।


हरिभूमि

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### सोनी समाज का दीपावली मिलन समारोह



**रायपुर।** सोनी (सोनार) समाज द्वारा कंकाली पारा भवानी शंकर मंदिर परिसर में गत दिनों दीपावली मिलन समोराह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष राजा सोनी और संस्थापक सदस्य सहित बुजुर्ग व्यक्ति से लेकर युवा पीढ़ी और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष श्री सोनी ने इस कार्यक्रम को लेकर बहुत प्रशंसा की और कहा कि आगे और बहुत कुछ करेंगे, रायपुर प्रदेश की राजधानी है, इस कार्यक्रम को और भी अच्छा करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में महेश सोनी, लोकेश सोनी, अश्विनी सोनी, राजेश सोनी, अरुण सूरज सोनी, आदित्य सोनी, धर्मेंद्र सोनी, हेमंत सोनी, मनोज सोनी, संतोष, शेषनारायण, शिव सोनी एवं महिलाएं बड़ी संख्या में शाामिल हुईं।

### आपसी सहयोग से प्रदान की जा सकती है व्यापक चिकित्सा

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के जनरल मेडिसिन विभाग द्वारा "स्पेशलिटीज़ में चुनौतियों कासमाधान" थीम पर आधारित मेडिसिन अपडेट 2024 का आयोजन किया गया। कार्यशाला में देशभर से 200 से अधिक प्रतिनिधियों शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने रोगी देखभाल को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न चिकित्सा विशेषताओं में एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग से ही व्यापक और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं। मेडिकल कालेज के डीन. डॉ. आलोक अग्रवाल ने बदलते चिकित्सा परिदृश्य में साक्ष्य-आधारित चिकित्सा का अभ्यास करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. डॉ. सरिता अग्रवाल, डीन रिसर्च ने कहा कि ये पहल चिकित्सा ज्ञान को समृद्ध करने और रोगी देखभाल में सुधार लाने के लिए अनिवार्य हैं। कार्यशाला में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रेणु राजगुरु, मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट, डीन एग्जाम डॉ. एली मोहपात्रा भी उपस्थित रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. डॉ. विनय आर. पंडित ने चिकित्सकों को नवीनतम चिकित्सा प्रगति के साथ अद्यतन रहने और रोगियों के प्रति करुणा और सहानुभूति बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

### ऑनलाइन सट्टा, धरा गया फरार सटोरिया

**रायपुर।** महादेव 364 पैनल से ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाले फरार आरोपी मोहित सोमानी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। करीब 6 माह पूर्व एंटी क्राइम एवं सायबर यूनिट तथा गंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कोलकाता के न्यू टाउन गोलाबारी 24 परगना स्थित एक फ्लैट में दबिश देकर फ्लैट से 13 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 5 नग लैपटॉप, 36 नग मोबाइल फोन कीमत लगभग 12 लाख रुपए तथा 24 बैंक पासबुक एवं 24 नग एटीएम कार्ड जब्त किए थे। इस प्रकरण में आईडी लेकर पैनल संचालन करने वाला मुख्य आरोपी मोहित निवासी समता कॉलोनी रायपुर घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था, जिसे पुलिस तलाश रही थी। पुलिस टीम को शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि मोहित रायपुर में है, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।

### सिंधी साहिती बिरादरी मंडल ने मनाया गोपाष्टमी पर्व

**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल द्वारा शनिवार को गोपाष्टमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के सदस्यों ने कई जगहों पर जाकर गाय माता को रोटी, चना, गुड़ खिलाकर आशीर्वाद लिया। साथ ही गाय और बछड़ों को तिलक लगाकर उन्हें हरा चारा भी खिलाया। सदस्यों ने बताया कि गोपाष्टमी एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है, जो मुख्य रूप से मथुरा और वृंदावन सहित सभी ब्रज क्षेत्रों में भक्तिभाव के साथ मनाया जाता है।

# सर्व मांगलिक भवन बनाने जमीन नहीं खोज पाए, निर्माण शुरू नहीं होने से फंड भी वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोगों को मिलने वाली सर्व मांगलिक भवन की सुविधा अधूरी रह गई है। करीब तीन साल पहले अमलीडीह जोन क्षेत्र में सर्व सुविधा युक्त मांगलिक भवन बनने के लिए 3.55 करोड़ की मंजूरी मिली। इसके बाद निर्माण करने के लिए जमीन की तलाश शुरू की गई। इसमें समय लगने से नई सरकार के आते ही पैसा वापस हो गया। इससे आउटर के सात वार्डों की जनता को सुविधा मिलने से पहले सरकार से मिला पैसा भी वापस हो गया।

राजधानी के अमलीडीह जोन क्षेत्र में रहने वाली दो लाख से ज्यादा की आबादी को सर्व मांगलिक भवन की सुविधा के लिए फिर इंतजार करना होगा, क्योंकि निगम व जोन के जिम्मेदारों ने पूर्व सरकार से बजट मिलने के बाद निर्माण शुरू करवाने में विलंब किया है। वजह जांचने पर पता चला कि जुलाई 2021-22 में गुरु घासीदास नगर स्थित गार्डन में स्मार्ट सर्व मांगलिक भवन के लिए 20 हजार वर्गफीट जमीन तय की गई। इससे पहले कॉलोनी के लोगों से जिम्मेदारों ने किसी प्रकार की रायसुमारी नहीं की। नतीजा, यह हुआ कि जब जोन ने एजेंसी तय करके काम शुरू किया, तो कॉलोनी के लोगों ने निर्माण पर आपत्ति लगाते हुए कोर्ट में चुनौती दी। निर्णय के बाद भवन बनाने के लिए क्षेत्र में दोबारा जमीन तय करने सर्वे किया। जिम्मेदारों ने डूंडा में सरकारी जमीन तय की, लेकिन सीमांकन में विलंब के कारण काम शुरू नहीं हुआ।

## निगम ने जमीन जांचे बिना बनाया प्रोजेक्ट इसलिए लोगों को नहीं मिली सुविधा

### इकलौते भवन में जोन कार्यालय

जोन -10 में शामिल सात वार्ड के लोगों को अमलीडीह क्षेत्र में बनवाए गए सामुदायिक भवन की सुविधा भी नहीं मिल रही है, क्योंकि वहां पहले से ही जोन कार्यालय शुरू किया गया है। इससे लोगों को मांगलिक आयोजनों के लिए भवन की सुविधा का इंतजार है। जोन के सूत्रों ने बताया कि अभी तक नए सिरे से मांगलिक भवन और जोन कार्यालय बनाने के लिए प्रस्ताव बनाना तो दूर जमीन भी तय नहीं हुई है। इससे जरूरत पड़ने पर लोगों को प्राइवेट भवन बुक करने पर मुंहमांगी कीमत देनी पड़ रही है। इसे देखते हुए शासन ने पहले सर्व सुविधायुक्त भवन के लिए प्रोजेक्ट बनवाने मंजूरी दी।



### पैसा वापस हो गया है

जिस प्रोजेक्ट की बात कर रहे हैं, उसे शुरू करने के लिए एजेंसी तय की गई थी। जमीन सीमांकन का मामला सुलझाने से पहले नई सरकार आने पर पैसा वापस ले लिया गया। अभी नए सिरे से प्रस्ताव बनाने के लिए कोई दिशा-निर्देश भी नहीं मिला है।

- राकेश शर्मा, आयुक्त, जोन-10, नगर निगम, रायपुर

## गोमर्डा के बाद बैकुंठपुर वनमंडल में बाघ के शिकार के बाद उठ रहे सवाल

# राज्य के जंगल बने बाघों के लिए कब्रगाह सालभर में दो की मौत, मॉनिटरिंग फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बैकुंठपुर वनमंडल में दो दिन पूर्व मृत अवस्था में वयस्क नर बाघ मिलने से राज्य में बाघों की सुरक्षा पर एक बार फिर से सवालियाना निशान लग रहा है। बाघ के शिकार की एक साल के भीतर यह दूसरी घटना है। इसके पूर्व जनवरी में सारंगढ़-बिलाईगढ़ वनमंडल में एक बाघ को मार कर गाड़ दिया गया था। बैकुंठपुर में बाघ की जो बॉडी मिली है, आशंका व्यक्त की जा रही है, ग्रामीणों ने बाघ को जहर देकर मार दिया है। बाघ की बॉडी रहवासी क्षेत्र में मिली है। वन विभाग को घटना की जानकारी दो दिन के बाद मिली।

रामगढ़ क्षेत्र के देवसील स्थित खनकोपर नदी के तट पर ग्रामीणों ने मृत हालत में बाघ को देखा। इसके बाद इसकी सूचना वन विभाग के अफसरों को दी। बदबू आने पर लोगों को बाघ की मौत की जानकारी मिलने की बात कही जा रही है। बाघ की मौत आरेंज फॉरेस्ट में हुई है। जिस जगह पर बाघ की बॉडी मिली है, वह मध्यप्रदेश का सीमावर्ती क्षेत्र है। जहां बाघ की बॉडी मिली है, उस बाघ का बैकुंठपुर तथा कोरिया वनमंडल में कोई रिकार्ड नहीं है। इसीलिए संभावना व्यक्त की जा रही है कि बाघ पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश का हो सकता है। बाघ की अब तक पीएम रिपोर्ट सामने नहीं आई है और न ही वन विभाग के अफसरों ने बाघ की मौत के कारणों का खुलासा किया है।



### एक वर्ष के भीतर दो बाघों की मौत

राज्य में बाघों का शिकार का एक साल के भीतर यह दूसरी घटना है। गोमर्डा में एक दशक के बाद पहुंचे प्रवासी बाघ की ग्रामीणों ने करंट बिछाकर शिकार किया था। शिकार करने के बाद ग्रामीणों ने मृत बाघ को जमीन में गड्ढा कर गाड़ दिया था। वन विभाग के अफसरों ने मुखबिर की सूचना पर मृत बाघ को गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम करवाया था।

### दो साल पूर्व भी जहर देकर मारने की घटना

साल 2022 में इसी इलाके में गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के सोनहत रेंज में एक बाघिन की मौत हुई थी। 4 लोगों पर जहर देकर बाघ को मारे जाने की बात सामने आई थी। चारों पर विभाग ने कार्रवाई की थी। इससे पहले 2018 में इसी क्षेत्र के सुकतरा गांव में एक बाघ की मौत हुई थी। अब क्षेत्र में बाघ के मारे जाने की तीसरी घटना सामने आई है।

### मॉनिटरिंग के दावे फेल

जिस बाघ की बॉडी मिली है, उस बाघ को एक पखवाड़ा पूर्व गुरु घासीदास नेशनल पार्क में देखा गया था। बाघ के देखे जाने के बाद बाघ की निरंतर मॉनिटरिंग करने के दावे किए जा रहे थे। ऐसे में सवाल उठता है कि बाघ की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी, फिर वन विभाग के अफसरों को बाघ की मौत की जानकारी घटना के दो दिन बाद क्यों मिली। इससे बाघ की मॉनिटरिंग के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

### जहर देकर मारने की आशंका

बाघ की जिस हालत में बॉडी मिली है, उससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि ग्रामीणों ने बाघ को जहर देकर मारा हो सकता है। गौरतलब है कि बाघ किसी चारपाया की शिकार करता है तो वह उस चारपाया की मांस खाने के बाद छोड़ देता है। इसके बाद दूसरे दिन बाघ उस चारपाया की मांस खाने के लिए पहुंचता है। ऐसे में ग्रामीण बाघ द्वारा शिकार किए गए चारपाया की मांस में आसानी से जहर मिलाकर बाघ का शिकार कर सकते हैं।

### दो दशक में 35 से ज्यादा बाघ की खाल जब्त

*राज्य बनने के बाद दो दर्जन से ज्यादा बाघों की शिकार के साथ अलग-अलग कारणों से मौत हुई है। इस दौरान वन विभाग के अफसरों ने राज्य के अलग-अलग वनमंडल में 35 से ज्यादा बाघों की खाल, अंग तथा अन्य अवशेष जब्त किए हैं। जिन लोगों के कब्जे से बाघों के अंग, खाल तथा अन्य अवशेष मिले हैं, उनमें से किसी को भी वन विभाग के अफसर अब तक कोर्ट में सजा दिलवाने में कामयाब नहीं हुए हैं। इसके चलते राज्य में शेड्यूल-1 प्रजाति के बाघ, तेंदुआ तथा अन्य वन्यजीवों की लगातार शिकार की घटनाएं सामने आ रही हैं।*

# रिटायर कुलपति से लेकर प्राचार्य और प्राध्यापक तक निजी विवि विनियामक अध्यक्ष की दौड़ में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ निजी विवि विनियामक आयोग के अध्यक्ष का पद बीते कई माह से रिक्त है। फिलहाल कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में ब्रजेश सिंह मिश्रा पदस्थ हैं। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, जल्द ही इसमें स्थायी नियुक्ति की तैयारी की जा रही है। इसके लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस रेस में दुर्ग विवि की पूर्व कुलपति डॉ.अरूणा पल्टा, छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के रिटायर प्राध्यापक टोपलाल वर्मा से लेकर दुर्गा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एसएस खनुजा तक के नाम शामिल हैं। एसएस खनुजा छग निजी विवि नियामक आयोग के सदस्य भी रह चुके हैं। उनकी उम्र निर्धारित आयु सीमा से अधिक होने के कारण उनके नाम पर मुहर को लेकर संशय है।

राजधानी तथा दुर्ग के रिटायर प्राध्यापक, प्राचार्य और कुलपति के अलावा दूसरे जिलों तथा विश्वविद्यालयों से भी कुछ नामों को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। इनमें स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के पूर्व कुलपति प्रो.एमके वर्मा, मप्र के भोज विवि के संजय तिवारी और बीजी सिंह भी शामिल हैं। नवीन नियुक्ति को लेकर निश्चित तिथि की घोषणा नहीं की गई है। कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा ही संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। शासन संबंधित सूत्रों के अनुसार, दिसंबर अंत तक आयोग को स्थायी अध्यक्ष मिल सकता है।

### मॉनिटरिंग बनी चुनौती

गौरतलब है कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र से प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी गई है। इसके अंतर्गत कई तरह के बदलाव शासकीय और निजी दोनों ही विश्वविद्यालयों में किए जाने हैं। शासकीय विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा विभाग के अधीन सीधे तौर से आते हैं, जबकि निजी विश्वविद्यालय अप्रत्यक्ष रूप से। प्राइवेट यूनिवर्सिटी में नियमों के पालन संबंधित कामकाज प्रमुख रूप से निजी विवि नियामक आयोग द्वारा ही किए जाते हैं। एनईपी नियमों की मॉनिटरिंग करने विभाग को पसीना बहाना पड़ रहा है।

### हुई थी शिकायत

गौरतलब है कि निजी विश्वविद्यालयों द्वारा प्रवेश तिथियों के निर्धारण में मनमानी को लेकर शिकायत सत्र प्रारंभ होने के पूर्व में आई थी। इसे लेकर प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन द्वारा आपत्ति दर्ज की गई थी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश के लिए तय की गई अंतिम तिथि के बाद भी प्राइवेट यूनिवर्सिटी छात्रों को दाखिले प्रदान कर रहे थे। इस दौरान भी निजी विवि विनियामक आयोग की भूमिका को लेकर सवाल उठे थे।

# 2058 सहकारी समितियों के 13 हजार कर्मचारी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 14 नवंबर से प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पर पड़ सकता है असर
- 3 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेश व्यापी बेमियादी हड़ताल

प्रदेशभर की सहकारी समितियों में कार्यरत 13 हजार कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर बेमियादी हड़ताल पर हैं। 3 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन कर रहे कर्मचारियों का कहना है, उनकी इस हड़ताल से प्रदेशभर में 14 नवंबर से शुरू होने वाले समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पर असर पड़ेगा। हड़ताली कर्मचारियों में सहकारी समितियों के प्रभारी प्रबंधक से लेकर लेखापाल, सेल्समैन के साथ भृत्य और चौकीदार शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेश के सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर राज्य शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनकी प्रमुख मांगों में प्रत्येक समिति को 3 -3 लाख रुपए का प्रबंधकीय अनुदान राशि देने आदेशित करने, मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों को वेतन व अन्य सुविधाओं का लाभ देने और सेवानियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने सहित समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान संग्रहण के बाद हुई संपूर्ण सूखत को मान्य करते हुए आगामी वर्ष के लिए धान खरीदी नीति में 16.9 फीसदी सूखत मान्य का प्रावधान शामिल है।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार साहू ने कहा है कि सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल से धान खरीदी, रवि फसल ऋण वितरण, राशन वितरण प्रभावित होगा। कर्मचारियों ने इससे पूर्व दो चरण में आंदोलन कर अपने लंबित मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया है। आंदोलन के प्रथम चरण में 18 से 21 अक्टूबर तक काली पट्टी लगाकर सांकेतिक रूप से विरोध जताया।

# महाबीर गोशाला में मनाया गोपाष्टमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाबीर गौशाला में शनिवार को गोपाष्टमी पर्व मनाया गया। इसका शुभारंभ गो-पूजन के साथ किया गया। यह गो-पूजन कार्य पं. पंकज शुक्ला द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक पुरंदर मिश्रा शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्य गौसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने अपने उद्बोधन में कहा, श्री महाबीर गोशाला के संचालन समिति व पदाधिकारियों को 104 वर्ष के सफल संचालन की शुभकामनाएं दीं। अतिथियों के गो-पूजन एवं स्वागत के बाद महाबीर गोशाला के अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि इसका संचालन निस्वार्थ, सेवाभावी,



समर्पित ऊर्जावान व्यक्तियों द्वारा 104 वर्षों से सुचारू रूप से किया जा रहा है। संस्था के सचिव सत्यनारायण सिंघानिया ने प्रतिवेदन में गोशाला के संबंध में विभिन्न जानकारियां दीं। इस वर्ष महाबीर गोशाला के दो पदाधिकारियों को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया गया है, जिसमें संस्था के अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल को महाराज अग्रसेन सम्मान एवं संस्था के कार्यकारिणी सदस्य सुभाष अग्रवाल को दानवीर भामाशाह सम्मान दिया गया है।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में कन्हैया अग्रवाल, गोकुलदास डागा, श्रीराम अग्रवाल, शिवराज भंसाली, सुभाष अग्रवाल, यशवंत अग्रवाल, रोहित सिंघानिया, कन्हैया अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, नवीन भुषानिया, रामरतन माहू, पं. पंकज शुक्ला, अजय तिवारी, हरख मालू, सुभाष राठौर, पं. पंकज शुक्ला, अजय तिवारी, दीनदयाल गोयल, एसपी साहू, रिखबचंद जैन, मोहनलाल खण्डेलवाल, अशोक अग्रवाल तथा अनेक सदस्य एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# अंगुली पर मतदान की स्याही दिखाई तो बिल में 5 फीसदी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

18वें विधानसभा के लिए राजधानी में हो रहे दक्षिण उपचुनाव के मतदान में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने अब हॉटल व्यवसायी भी आगे आए हैं। जीई रोड स्थित मंजू ममता रेस्टारेंट के संचालक ने जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर अपनी इस भावना से अवगत भी करा दिया है।



13 नवंबर को होने जा रहे रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में मतदाता को मतदान के लिए जागरूक करने अभियान के तहत मतदान के दिन मतदान के बाद ऐसे मतदाता जो अपनी अंगुली पर मतदान की स्याही दिखायेगा, उसे उस दिन हॉटल के बिल में 5 फीसदी छूट दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार यह छूट की प्रक्रिया 14 और 15 नवंबर को भी जारी रहेगी।

### डाक्टरों को मिला आश्वासन

**रायपुर।** एनपीए और प्रायवेट प्रेक्टिस मामले वीडियो कांफ्रेसिंग के दौरान चिकित्सा शिक्षा आयुक्त किरण कौशल द्वारा डाक्टरों को उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान संविदा सेवा देने वाले चिकित्सकों ने सीएमई को बताया कि उन्हें एनपीए नहीं मिलेता, इसलिए सरकार किसी भी प्रकार से बाध्य नहीं कर सकती। संविदा डाक्टरों के वेतन में कोई बदलाव होता दिखाई नहीं दे रहा है। उनके द्वारा दशकों से नियमितिकरण का इंतजार किया जा रहा है।

# कमल विहार में मकान दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाने की पुलिस ने कमल विहार में सस्ती दरों पर लोगों को मकान दिलाने का झांसा देकर साढ़े तीन करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने आरडीए की कंसलटेंट एजेंसी बनाकर 50 से ज्यादा लोगों को झांसे में लेकर ठगी का शिकार बनाया था। पुलिस के मुताबिक मकान दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाने के आरोप में पुलिस ने माना निवासी राकेश मंडल तथा राखी निवासी पुनीत सिंह परिहार को गिरफ्तार किया है। इन दोनों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। इन दोनों आरोपियों द्वारा माइक्रोचिप आसमी होम्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से आफिस खोला गया था। आफिस खोलने के बाद लोगों से संपर्क कर उन्हें कमल विहार में मकान दिखाने के लिए ले जाते थे। साथ ही मकान दिलाने के नाम पर लोगों से साइनिंग अमाउंट हासिल कर मकान दिलाने के नाम पर लोगों को गुमराह करते थे। मकान नहीं मिलने पर लोगों ने आरडीए के ऑफिस में संपर्क किया, तब उन्हें अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली।



*आरडीए की कंसलटेंट एजेंसी बताकर लोगों को झांसे में लेकर की थी ठगी*

## जनता चुनाव में जवाब देने तैयार : बैज

# कांग्रेस ने लगाया आरोप- भाजपा बांट रही कमल छाप ताश की गड्डी, अवैध सट्टा कारोबार चला रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कमल छाप ताश पत्ती दिखाते हुए भाजपा पर रायपुर दक्षिण में चुनाव सामग्री के रूप में बांटने और भाजपा पर अवैध सट्टा कारोबार चलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, भाजपा की यह प्रचार सामग्री है, जो एक-एक युवा के घर में बंट रही है। प्रदेश में अपराध और अपराधियों का मनोबल चरम पर है। गली-गली शराब बिक रही है, सूखे नशे की चपेट में युवा हैं और अब प्रचार सामग्री के रूप में में भाजपा जुआ खेलने के लिए ताश बांट रही है। उन्होंने कहा कि अवैध सट्टा का कारोबार चलाने का ठेका भाजपा ने ले लिया है और युवाओं को चुनाव के लाभ के लिए सटोरी बनाने की तैयारी है। दक्षिण के मतदाता समझ रहे हैं कि उन्हें अपने बच्चों का भविष्य कैसे बनाना है और चुनाव में जवाब देने को तैयार हैं।



उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत समेत सभी वरिष्ठ नेता और एक-एक कार्यकर्ता रायपुर दक्षिण में जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे हैं। बीजेपी के सभी कार्यकर्ता अभी भी दिवाली ही मना रहे हैं। इसके साथ उन्होंने हार के डर से भाजपा पर लोगों को प्रलोभन देने का आरोप भी लगाया।

### एनकाउंटर को लेकर सवाल

दुर्ग में अपराधी के एनकाउटर को लेकर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने सरकार पर पाप धोने और असफलताओं को छुपाने के लिए ये छोटे एनकाउंटर करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस को बधाई भी दी है, लेकिन यह भी कहा, एक एनकाउंटर करने से पुलिस और सरकार को कौन सी बड़ी सफलता मिल गई है।

### अपने लोगों को बचाने पुलिस पर कार्रवाई

उन्होंने पलारी में पुलिस पर कार्रवाई को लेकर भी निशाना साधते हुए कहा कि दारू पीकर सड़क पर नाचते नगर पंचायत अध्यक्ष पर कार्रवाई के बजाय सरकार पुलिस पर कार्रवाई कर रही। उन्होंने टीआई के सतनामी समाज से होने के कारण निलंबित करने पर भी सरकार से सवाल किया है और अपने लोगों को बचाने के लिए पुलिस पर कार्रवाई करने का आरोप लगाया है।

# शिवरतन बोले-विकसित और सुंदर राजधानी भाजपा की देन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


रायपुर दक्षिण उपचुनाव प्रभारी और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा, आज की विकसित और सुंदर राजधानी रायपुर भारतीय जनता पार्टी की मेहनत और दृष्टिकोण का परिणाम है। भाजपा के डॉ रमन सिंह, बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत के नेतृत्व में प्रत्याशी सुनील सोनी के महापौर और सांसद कार्यकाल के दौरान रायपुर को एक आदर्श और विकसित शहर बनाया गया है।



श्री शर्मा ने कहा, कांग्रेस नेताओं की आंखों पर घोटाले और भ्रष्टाचार का पर्दा चढ़ा हुआ है, जिस कारण उन्हें विकास कार्य दिखाई नहीं देते। उन्होंने कहा, इसी वजह से जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया।

रायपुर सांसद एवं रायपुर दक्षिण से 8 बार विधायक रहे पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल तथा महापौर और सांसद रहते हुए सुनील सोनी ने मिलकर रायपुर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके कार्यकाल में रायपुर में बुनियादी ढांचे के विकास, यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स जैसे कई पहलुओं पर कार्य हुआ है। उनके नेतृत्व में रायपुर ने एक आधुनिक और व्यवस्थित शहर के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

## खबर संक्षेप



### मनोज बने छग लेखा सेवा संवर्ग संघ के प्रांताध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग संघ के प्रांताध्यक्ष के चयन के लिए संगठन के चुनाव अधिकारी पुष्पेंद्र चंद्रा द्वारा गुरुवार को रायपुर में चुनाव संपन्न कराया गया, जिसमें संगठन के निर्वाचन के बाद मनोज वैष्णव को छत्तीसगढ़ लेखा सेवा संवर्ग संघ का प्रांताध्यक्ष चुना गया। प्रांताध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है। श्री वैष्णव वर्तमान में ऑडिट सेल, संचालनालय कोष एवं लेखा, इंद्रावती भवन नवा रायपुर में पदस्थ हैं और 2017 बैच के हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश से अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारियों द्वारा निर्वाचन के माध्यम से उन्हें चुना गया। श्री वैष्णव ने संगठन के निर्वाचन में पधारे समस्त संवर्ग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### स्कूटी-ई-रिक्शा को आग लगाने वाला गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने स्कूटी एवं ई-रिक्शा को आग लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।



घटना 7 नवंबर की रात करीब 10 बजे की है। प्रार्थिया सावित्री रगड़े ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी बाबूलाल पाटले निवासी जोरापारा ने उसके घर के पास आकर उसकी बेटी से झगड़ा करते हुए चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह चला गया, लेकिन रात को वह वापस आकर उसके घर के सामने खड़ी स्कूटी और ई-रिक्शा को आग लगा दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बटनदार चाकू बरामद किया तथा उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### बसंती को पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने बसंती सेनापति को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय नासिरा शर्मा के उपन्यासों में अभिव्यक्त समसामयिक समस्याएं रहा। उन्होंने अपना शोधकार्य शासकीय पीपी कॉलेज कुरुद के पर्यवेक्षक डॉ. प्रभात रंजन के मार्गदर्शन में पूरा किया।



### मुख्यमंत्री साय ने दी आंवला नवमी की शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को आंवला नवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में आंवला नवमी के दिन भगवान विष्णु और आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है। इस दिन को अक्षय नवमी भी कहा जाता है। मान्यता है अक्षय नवमी के दिन किए जाने वाले पुण्यकार्य का अक्षय फल सभी को प्राप्त होता है और मां लक्ष्मी की कृपा होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य के सभी नागरिकों की सुख-समृद्धि बढ़े, यह कामना की।

# बस से जल्दी लोकल ट्रेन 37 मिनट में पहुंचेगी नया रायपुर, अभनपुर में लगेगा एक घंटा 10 मिनट का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

रायपुर से अभनपुर के बीच लोकल मेमू ट्रेन चलाने की तैयारी रेलवे ने लगभग पूरी कर ली है। रेलवे ने दो मेमू ट्रेन की समय सारणी भी जारी कर दी है, जिसके मुताबिक रायपुर से अभनपुर का सफर ट्रेन में एक घंटा 10 मिनट का होगा। वहीं सीबीडी स्टेशन यानी नया रायपुर पहुंचने में केवल 37 मिनट लगेगा। शहर से सिटी बस के जरिए नया रायपुर पहुंचने में 40 मिनट से अधिक का समय लग जाता है। ट्रेन से यात्रियों का समय और पैसा दोनों बचेगा।

बता दें कि राज्योत्सव में ट्रेन का परिचालन शुरू करने की तैयारी थी, लेकिन जब रेलवे की टीम सीबीडी स्टेशन जांच करने पहुंची, तो उन्हें कुछ कमियां नजर आई। अब इसे सुधारने के लिए रेलवे ने एनआरडीए को कहा है। सीबीडी स्टेशन एनआरडीए ने बनाया है। यात्री सुविधा से जुड़ी तकनीकी दिक्कतें दूर होने के बाद इस महीने रेलवे परिचालन शुरू कर सकता है।

## रायपुर से अभनपुर लोकल मेमू ट्रेन की रेलवे ने जारी की समय सारणी

### आठ बोगी की चलेगी दो मेमू ट्रेन

समय सारणी के अनुसार ट्रेन रायपुर से सुबह 9:00 बजे रवाना होकर 9:37 मिनट पर अभनपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में आठ बोगी होगी। ट्रेन रायपुर से छूटकर मंदिर हसौद, उद्योग नगर, सीबीडी स्टेशन नया रायपुर, केंद्री स्टेशन में ठहरने के बाद अभनपुर पहुंचेगी। इसके अलावा अभनपुर से रायपुर के लिए दिन की पहली ट्रेन सुबह 10:20 बजे मिलेगी, जो रायपुर 11:45 को पहुंच जाएगी। इसके बाद रायपुर से अभनपुर के लिए दूसरी ट्रेन 16:20 को रहेगी। वहीं अभनपुर से अंतिम ट्रेन रायपुर के लिए 18:10 को मिलेगी। बीच के स्टेशनों में 3 से 2 मिनट का ही स्टॉपेज रेलवे ने दिया है।



### स्टेशनों में भव्य स्वागत की तैयारी

8 साल के लंबे इंतजार के बाद रायपुर से अभनपुर के बीच फिर ट्रेन चलेगी। इन ट्रेनों का स्टेशनों में भव्य स्वागत किया जाएगा। रेलवे इसकी तैयारी कर रहा है। यात्रियों को भी ट्रेन में सफर करने का इंतजार है। बता दें कि अटल नगर, उद्योग नगर और मुक्तांगन स्टेशन का काम अभी अधूरा है। इन तीनों स्टेशनों का निर्माण पूरा होने के बाद ही इस रूट पर ट्रेन रुकने लगेगी। समय सारणी में इन स्टेशनों का समय निर्धारित हो गया है। फिलहाल यहां ट्रेन नहीं रुकेगी।

## आदिवासी कृतियों को अंधेरे का फायदा उठाते हुए उपद्रवी पहुंचा रहे नुकसान

# सुंदरता के लिए लगाई गई कलाकृतियां टूट फूट का शिकार, निगम सुध भी नहीं ले रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सात साल में शहर की सड़कों को चमकाने के बाद सुंदरता के लिए लगवाई गई आदिवासी कला-कृतियों को सहेजने का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया है। अंधेरे का फायदा उठाते हुए उपद्रवी खूबसूरती के लिए लगाई गई कृतियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इनको संवारने पर स्मार्ट सिटी और निगम ने मिलकर करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च किया है। मेंटेनेंस व मानीटरिंग में की जा रही लापरवाही के चलते करवाए गए काम उजाड़ का हिस्सा बन रहे हैं।

राजधानी के प्रमुख मार्गों के पास खूबसूरती बढ़ाने के लिए काम करवाने पर लाखों रुपए खर्च करने के बाद निगम सुध नहीं ले रहा हैं। इससे कई जगह लगवाई गई मूर्तियां बदहाल हो गई हैं। असामाजिक तत्वों द्वारा की गई तोड़-फोड़ के बाद ना तो सुधार करवाया जा रहा और ना ही जोन के पास मेंटेनेंस करवाने के लिए कोई एजेंसी है। जिस एजेंसी से जिम्मेदारों ने काम करवाया, उनकी मेंटेनेंस अवधि भी खत्म हो गई है। इससे चौराहों की सुंदरता के लिए करवाया गया काम उजाड़ का हिस्सा बना हुआ है। निगम और जोन के अधिकारी-कर्मचारी देखने बाद भी सुध नहीं ले रहे हैं। जिनको यह जिम्मेदारी दी गई है, उनके पास सुधार करवाने के लिए फंड और एजेंसी नहीं है।

### लाइटिंग और मूर्तियां भी गायब

कालीबाड़ी चौक पर इंदिरा गांधी की मूर्ति के सामने लाइटिंग करवाने और कला-कृतियां लगवाने पर 25 लाख से ज्यादा खर्च किया गया। लगाई गई कृतियां गायब और लाइटें भी बंद हैं। इसी तरह कलेक्टोरेट में टाउन हाल गेट के पास लगी आदिवासी नृत्य की झलक भी बाहर से नजर नहीं आती। यहां होर्डिंग्स बनने से टूटी-फूटी कृतियां उजाड़ का हिस्सा हैं।



**सिर्फ प्रस्ताव बनाकर भेज रहे :** सौंदर्यीकरण की देखभाल के लिए जिम्मेदारों ने कोई सिस्टम नहीं बनाया है। जोन आयुक्तों को इनकी देखभाल की जिम्मेदारी तो दी गई, लेकिन मेंटेनेंस के लिए समय पर फंड नहीं मिलता है। यहां दो बार मेंटेनेंस कराने के बाद भी कोई सुधार नहीं हो पाया है। जोन को जिम्मेदारी देने के बाद मुख्यालय के अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे मेंटेनेस की जरूरत पड़ने पर सिर्फ प्रस्ताव देने का काम जिम्मेदार कर रहे हैं इसलिए कला- कृतियां उपेक्षित हैं।





### संज्ञान में लिया जाएगा

शहर के कई चौक-चौराहों में सुंदरता के लिए करवाए गए निर्माण में संभावित काम करवाए गए हैं। इसके बाद भी जहां की समस्या बता रहे हैं, वहां अव्यवस्था की स्थिति है, तो उसे संज्ञान में लिया जाएगा।

*- अबिनाश मिश्रा, आयुक्त, नगर निगम, रायपुर*

### फौवारे का नोजल बोर्ड नदारद

शहीद विद्याचरण शुक्ल चौक पर लगाया गया बोर्ड नदारद है। यहां 75 लाख से ज्यादा खर्च करके सौंदर्यीकरण कराने के साथ फौवारा व लाइटिंग की गई थी। मौके पर लाइटिंग का नामों-निशान नहीं है। इसके लिए लगाए गए छोटे खंभे गायब हो गए हैं। जेएन पांडेय स्कूल की बाउंड्री के पास करवाया गया सौंदर्यीकरण भी अब देखने को नहीं मिलता है।

### मेंटेनेंस के बाद भी हाल-बेहाल

देवेन्द्र नगर चौक से केनाल रोड टर्निंग के पास भी 30 लाख से ज्यादा खर्च करके आदिवासी नृत्य की मनमोहक झलक भी उपद्रवी तत्वों ने तोड़ दिया है। यहां लगाई गई लाइटें भी गायब हो गई हैं। कला-कृतियों में किसी के हाथ, तो किसी के पैर को बनाने में उपयोग किया गया मटेरियल मेंटेनेंस के बाद भी सीमेंट गायब होने से उनका हाल बेहाल हो गया है।

# निर्माणाधीन बिल्डिंग में संदिग्ध परिस्थिति में मिली युवती की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- लाश एक सप्ताह से ज्यादा पुरानी बताई जा रही

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थिति में एक युवती की लाश मिली है। युवती की उम्र 25 से 30 वर्ष के करीब है। मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मृतका की शिनाख्त करने की कोशिश करने की बात कह रही है। युवती की लाश कलर्स माल स्थित एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में मिली है।

शनिवार शाम को कलर्स मॉल के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में लाश मिलने की सूचना मिलने पर पुलिस तथा फोरेंसिंग एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार लाश पूरी तरह से सड़ चुकी है। इस वजह से युवती की पहचान करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस युवती के कपड़ों की मदद से तथा आसपास के थानों में दर्ज गुम इंसान की मदद से युवती की पहचान करने की बात कह रही है। लाश की स्थिति को देखते हुए पुलिस युवती की हत्या करने की आशंका जता रही है।




गौरतलब है कि जिस जगह युवती की लाश मिली है, वहां भवन निर्माण का काम चल रहा है। ऐसे में वहां काम करने वाले मजदूरों को लाश होने की सूचना नहीं मिल पाना कैसे संभव है। तेज बदबू आने पर निर्माणाधीन भवन में लाश होने की पुलिस को जानकारी मिल पाई।

### पीएमश्री स्कूल में गढ़ा जा रहा छग का स्वर्णिम भविष्य

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा स्कूली बच्चों के समग्र विकास के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। राज्य में पीएमश्री योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य के 341 स्कूलों में शिक्षा और अध्ययन-अध्यापन का माहौल बेहतर हो रहा है। पीएमश्री योजना में शामिल कई स्कूलों का न सिर्फ कायाकल्प हुआ है, बल्कि वहां अध्ययन-अध्यापन को लेकर बेहतर माहौल बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई पीएमश्री योजना अंतर्गत स्कूली बच्चों के भविष्य को गढ़ने एवं तराशने का कार्य किया जा रहा है।

# एम्स सहित दूसरे राज्यों के छात्रों नहीं मिलेगी आरक्षित सीटें लेकिन यूआर कोटे के लिए पात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सीजी डाक्टर फेडरेशन के सवाल पर स्वास्थ्य संचालनालय का जवाब

एम्स सहित दूसरे राज्यों के छात्रों को स्टेट कोटे से आरक्षित वर्ग की सीटों का आवंटन नहीं किया जाएगा, लेकिन वे यूआर कोटे की सीटों के लिए पात्र हो सकते हैं। यानी एम्स के अभ्यर्थी को सीट मिलने पर अनारक्षित वर्ग की सीटें कम हो जाएंगी।

एम्स के छात्रों को राज्य कोटे की एमडी-एमएस की सीट अलॉट किए जाने के विरोध के दौरान छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन द्वारा चिकित्सा शिक्षा संचालनालय से इस मामले में कुछ जानकारी मांगी गई थी, जिस पर मिले जवाब के हिसाब से एम्स अथवा दूसरे राज्य के छात्र, जिन्होंने छत्तीसगढ़ से एमबीबीएस किया है, उसे अनारक्षित वर्ग की सीटों के लिए पात्र माना जाएगा।




ऐसे छात्र राज्य कोटे की पचास फीसदी सीट पर एसटी, एससी, ओबीसी, ईडब्लूएस श्रेणी की सीटों के लिए पात्र नहीं होंगे। सूत्रों का कहना है कि इस हिसाब से एम्स के विद्यार्थी को अगर राज्य कोटे की सीट का आवंटन होता है, तो इसका सीधा नुकसान अनारक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को उठाना पड़ेगा। चिकित्सक संगठन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह का कहना है कि इस मसले पर भी चिकित्सा शिक्षा के अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखा जाएगा, क्योंकि इसका सीधा नुकसान प्रदेश के विद्यार्थियों को उठाना पड़ेगा।

### राज्य की 281 सीटें

राज्य के नौ मेडिकल कालेज में राज्य कोटे की कुल 281 सीटें हैं। इनमें सबसे अधिक 72 सीट रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में है। तीन निजी मेडिकल कालेज में भी राज्य और प्रबंधन कोटे की 160 और एनआरआई की 26 सीटों पर एडमिशन दिया जाएगा। पिछले साल शासकीय कालेजों में पीजी सीटों की संख्या बढ़ाई गई थी। वर्तमान में एमडी-एमएस की सीटों पर एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन का दौर चल रहा है, जिसकी अंतिम तारीख 12 नवंबर है। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा एडमिशन के लिए काउंसिलिंग शेड्यूल के हिसाब से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। राज्य में कोरोना महामारी के बाद से मेडिकल कालेजों की पीजी सीटों पर एडमिशन की तारीख में काफी विलंब होने लगा है।

# हैंड बैग लूट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने हैंड बैग लूट मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 6 नवंबर सुबह साढ़े 9 बजे की है। प्रार्थिया नीरा सोनी निवासी मोहबा बाजार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह बैरन बाजार स्थित बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल में नर्स है। घटना दिनांक को वह सुबह घर से हास्पिटल जाने निकली थी। मोहबा बाजार चौक पर जब वह एक ऑटो से उतरकर दूसरे ऑटो में बैठकर जा रही थी, तभी जीई रोड के पास बाइक सवार तीन अज्ञात लड़के उसका हैंड बैग छीनकर फरार हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए तीनों आरोपियों विकास मरकाम निवासी कुकुरबेड़ा देवार बस्ती, सुंदरू देवार देवार बस्ती कुकुरबेड़ा एवं भूपेंद्र कुमार ध्रुव उर्फ बबलू 18 वर्ष निवासी रेलवे फाटक कोटा को गिरफ्तार किया है।



Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000



## महात्मा गांधी वार्ड में एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने जोन 3 के महात्मा गांधी वार्ड में जोन अध्यक्ष एवं पार्षद डॉक्टर प्रमोद साहू के साथ विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। 1 करोड़ से अधिक के स्वीकृत कार्यों में नई सीसी रोड, नाली, पुलिया निर्माण, 2 स्कूलों में रंगरोगन एवं मरम्मत का कार्य शामिल है। नगर निगम जोन 3 क्षेत्र स्थित महात्मा गांधी वार्ड में लोगों के सुगम आवागमन के लिए नई सीसी रोड बनाई जाएगी। गंदे पानी के निकास के लिए नाली व पुलिया निर्माण कराया जाएगा। इसी तरह पंडरी तराई में फिरतूराम वर्मा शासकीय मिडिल स्कूल एवं लोधीपारा के नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल में मरम्मत एवं रंगरोगन के कार्य जल्द शुरू होंगे। नए विकास कार्यो का भूमिपूजन शनिवार को रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने वार्ड पार्षद डॉ. प्रमोद साहू के साथ मिलकर किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में जोन 3 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता ईश्वर टावरे, उप अभियंता नरेश कुमार साहू सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# विशेषज्ञों ने बताई सड़क निर्माण एवं रखरखाव की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर स्थित साइंस कॉलेज ग्राउण्ड पर आयोजित इंडियन रोड कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन केन्द्रीय राज्यमंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय अजय टम्टा ने नवीन तकनीकी उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों से आये केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के निर्माण विभागों के अभियंताओं एवं विशेषज्ञों ने नवाचार तकनीकों का प्रयोग करते हुए सड़क निर्माण एवं उनके रखरखाव के उपायों के बारे में जानकारी दी।

अधिवेशन के दूसरे दिन के तकनीकी सत्र में शिक्षाविदों, सलाहकारों एवं निर्माणकर्ताओं द्वारा सड़क निर्माण में उपयोग आने वाली नवीन उपकरण, मशीनरी, सामग्री और सॉफ्टवेयर के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी। प्रथम तकनीकी सत्र में आईआईटी रूढ़की से आए रिसर्च स्कॉलर प्रीति राय, प्रोफेसर डॉ. प्रवीण कुमार और डॉ. निखिल साबू ने अपना प्रेजेन्टेशन दिया। अधिवेशन में आमंत्रित शिक्षाविदों, सलाहकारों, निर्माणकर्ताओं एवं रिचर्स स्कॉलर्स ने सड़क निर्माण एवं संधारण के संबंध में अपना-अपना वक्तव्य दिया।



### हरित प्रौद्योगिकी से रोडमैप बनाने पर चर्चा

उल्लेखनीय है कि अधिवेशन में राजमार्ग अनुसंधान बोर्ड (एचआरबी) की 84वीं बैठक हुई, जिसमें एचआरबी के अध्यक्ष एवं निदेशक एवं विशेष सचिव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार डी. सारंगी, आईआरसी के महासचिव एसके निर्मल एवं केंद्रीय सरकार, राज्य सरकारें, अनुसंधान संस्थान, शैक्षणिक संस्थान, आईआईटी और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल थे। बैठक में सड़क अनुसंधान, विकास और अत्याधुनिक हरित प्रौद्योगिकी पहल की दिशा में रोडमैप बनाने के संबंध में चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप



### अक्षय आंवला नवमीं का पर्व मनाया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अक्षय आंवला नवमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना की गई। इसमें फुलेश्वरी, मधारी, पूनम, शिवकुमारी, लेख, गायत्री, नीलम, ममता, लक्ष्मी, कृष्ण, उतरा, छाम, डाली, मोनिका, तारनी, मंजू अंजू, त्रिवेणी चंद्राकर ने कहा कि इस दिन अक्षय आंवला नवमी को महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता के अनुसार, आंवला के पेड़ को साक्षात भगवान विष्णु का रूप माना गया है।

### उखरा लामी में डांस प्रतियोगिता कल

**नर्रा।** नवोदित मितान क्लब उखरा लामी के तत्वावधान में डांस प्रतियोगिता 12 नवंबर मंगलवार को आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में सामूहिक डांस, युगल डांस तथा एकल डांस के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रतिभागी को नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजक समिति के अध्यक्ष प्रीतम चौधरी, उपाध्यक्ष देवेंद्र निषाद, सचिव नवनीत नाग, सेतराम राणा आदि कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं।



### बृजराज स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** पीएमश्री शासकीय बृजराज प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से छाया ध्रुव के जन्मदिन के अवसर पर उनके पिता पुरोहित ध्रुव व माता किरण लता ध्रुव एवं कक्षा पांचवीं से विक्रांत गिरी गोस्वामी के पिता अजय गिरी गोस्वामी व माता रीना गोस्वामी द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिग्विजय साहू, बृजराज के समस्त स्टाफ एवं पालकगण उपस्थित रहे।

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 14 से

**नर्रा।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 14 नवंबर गुरुवार से शुरूआत हो रही है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी होगी। इस तरह जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान के अंतर्गत प्राथमिक साख सहकारी समिति पं क्रं 1061 नर्रा सोसायटी में नए पंजीयन 77 किसानों ने कराया है। जबकि कुल कृषक की संख्या 1465 से बढ़कर 1542 हो गई है। इसी प्रकार कृषक सहकारी समिति परसुली में नए 68 किसानों ने पंजीयन कराया है। वहां भी कुल कृषकों की संख्या 1240 से बढ़कर 1308 हो गई है। जानकारी के मुताबिक दोनों केंद्र में बीस-बीस हजार नए बारदाने की जुट पहुंच गए है। खरीदी के लिए दो दिन शेष है। तैयारी में फड़ की साफ-सफाई, लाइट, किसानों के बैठने लिए छाया के साथ पीने का पानी की व्यवस्था की जानी है।

# गोपियों को धर्म मार्ग पर लाने भगवान कृष्ण ने किया था वस्त्रहरण: पं. मिथिलेश

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद**

स्थानीय वार्ड नंबर 1 शंकर नगर में जारी श्रीमद् भागवत कथा पुराण में गोपियों के वस्त्र हरण की कथा का बखान करते हुए व्यासपीठ से भागवताचार्य पं. मिथिलेश तिवारी ने कहा कि भगवान कृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लिया। जब देखा कि गोपियां मां कात्यायनी की पूजा करती है, लेकिन इस पूजा विधान में गोपिया ब्रह्म मुहूर्त में स्नान निर्वस्त्र होकर करती है तो उनका पुण्यफल क्षय हो रहा है और जल में वास करने वाले देवताओं का अपमान हो रहा है, तब गोपियों को धर्ममार्ग पर लाने के लिए उन्होंने वस्त्रहरण की लीला रची। उस समय भगवान कृष्ण की उम्र मात्र साढ़े 5 वर्ष थी। इससे लोगों को समझ जाना चाहिए कि भगवान ने यह लीला धर्म भाव के लिए रची थी। उन्होंने बताया कि गोपियां जब कार्तिक माह में भगवती कात्यायनी की पूजा अर्चना करने के लिए ब्रह्ममुहूर्त में निर्वस्त्र होकर स्नान कर रही है तो



भगवान ने सभी गोपियों के वस्त्र चुराकर यमुना तट पर स्थित कदंब के पेड़ के ऊपर रख दिया। जब गोपियों ने स्नान कर देखा कि उनके वस्त्र तट पर नहीं है और कदंब के पेड़ पर है तो भगवान कृष्ण से अपना वस्त्र मांगते हुए कहती है कि ठंड से उनका शरीर ठिठुर रहा है, उन्हें वस्त्र दे दें।

इस तरह भगवान कहते हैं कि वह स्वयं आकर अपने-अपने वस्त्र ले जाएं। यह सुनकर गोपिया लज्जा भाव से अनुनय विनय करती हुई वस्त्र मांगती है। भगवान उन्हें वस्त्र देते हुए यह वचन लेते हैं कि भविष्य में कभी भी निर्वस्त्र होकर स्नान नहीं करेंगी। क्योंकि, बिना वस्त्र के स्नान करने से मनुष्य का पुण्य नष्ट होता है और जल में वास करने वाले देवताओं का अपमान भी होता है। व्यास पीठ से पंडित तिवारी ने भगवान के अन्य कथाओं का भी विस्तार से बखान करते हुए कहा कि कार्तिक माह में मां कात्यायनी की पूजा करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। कुंवारी कन्याओं को सुयोग्य वर के लिए मां कात्यायनी की पूजा अवश्य करनी चाहिए।

**आयोजन: ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विषय में हुई चर्चा**

# जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत पर कार्यशाला, लोकनृत्य भी दी प्रस्तुति

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बसना**

स्व. जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना में जनजाति समाज के गौरवशाली अतीतः ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयामणि सिदार, विशिष्ट अतिथि चंद्रहास नाग एवं आदित्य रंजन कानूनगो रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ के महतारी एवं जनजाति क्रांतिकारियों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन एवं वंदन से हुई। तत्पश्चात कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. क्रेसेंसिया बखला द्वारा जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीतः ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान के प्रस्तावना को जय जोहार के साथ प्रस्तुत





किया। कहीं तो कमी हो गयी, जो हम अपनों को ही भूल गये जैसे शब्दो से जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीतः ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान के सार को संक्षेप में रेखांकित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयामणि सिदार ने जनजाति समाज के क्रांतिकारियों की भूमिका एवं बलिदान की सत्यता को सविस्तार जानकारी देते हुए उनके शौर्य एवं पराक्रम के विषय में बताया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चंद्रहास नाग ने जीवन में सफलता के छः सूत्र के साथ आदिवासियों की सहज़ एवं सरल जीवनशैली के विशेषताओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों में कभी छल कपट नहीं पाया जाता है। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. सुरेंद्र साव ने अपने उदबोधन में कहा कि आदिवासी क्रांतिकारियों का ऐतिहासिक बलिदान किसी से छुपा नहीं है।

आदिवासी की संस्कृति को कैसे बचाया जाए इस विषय पर विचार विमर्श करने पर जोर दिया गया। उद्बोधन के पाश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा आदिवासी संस्कृति की झलक के रूप में आदिवासी गीत एवं नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम का संचालन विजय कठाने द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार एवं धन्यवादी ज्ञापन संतोष कुमार घृतलहरे ने किया। अन्त में कार्यक्रम की समापन की घोषणा की गई।

# भागवत ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए महंत रामसुंदर दास



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी**

महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज शिवरीनारायण में केसरवानी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए। आयोजक परिवार ने उनका स्वागत किया। राजेश्री महन्त ने व्यास पीठ पर आचार्य ओम प्रकाश शर्मा का शाल श्रीफल से सम्मान किया।

आचार्य ने भी पुष्पमाला एवं शाल भेंट कर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रोताओं को संबोधित करते हुए राजेश्री महन्त महाराज ने कहा आचार्य शर्मा भगवान भोलेनाथ की नगरी खरौद के निवासी हैं। अब यह न केवल छत्तीसगढ़ में बल्कि भारतवर्ष के कोने–कोने में सनातन धर्म की ध्वजा को फहराने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह संयोग की बात है कि आचार्य आज हम सभी को भगवान के गौचारण की कथा सुना रहे हैं। आज गोपाष्टमी भी है, आज ही के दिन भगवान कृष्ण चंद्र ने गौचारण का कार्य प्रारंभ किया था। आचार्य शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि– यह भगवान की साक्षात कृपा है कि महाराज का आगमन श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में हुआ। संत महात्मा परमात्मा के स्वरूप होते हैं। वे यहां पहुंच कर हम सभी पर बड़ी कृपा की है।

इस अवसर पर श्री सुखराम दास, सुरेश थवाईत, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव तथा आयोजक परिवार से पुनीराम केसरवानी, सुरेंद्र केसरवानी, खगेंद्र केसरवानी, घनश्याम केसरवानी, अर्जुन केसरवानी, सुखदेव केसरवानी सहित लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# राजप्रधान सुनीता ने पदभार ग्रहण किया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार**

नवनिर्वाचित बलौदाबाजार राज की प्रथम महिला राजप्रधान सुनीता वर्मा ने रविवार को केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप, पूर्व राजप्रधान द्वय धर्मेंद सरसिहा, नरेन्द्र कश्यप सहित सभी वरिष्ठ समाज प्रमुखों की उपस्थित में कार्यभार ग्रहण किया। राजप्रधान सुनीता वर्मा ने कहा कि एकजुटता के साथ समाज के विकास और उत्थान के लिए मिलकर काम करना होगा, जिससे हमारा समाज आगे बढ़ सके। सभी का आभार व्यक्त करते हुए श्रीमती वर्मा ने कहा कि आप सभी के सहयोग व आशीर्वाद से आज मैं आप सब के बीच राजप्रधान के रूप में खड़ी हूं, आगे भी आप सभी का



सहयोग मार्गदर्शन और आशीर्वाद चाहूंगी। समाज में शिक्षा, कला और साहिय के क्षेत्र में काम करने की जरूरत है, जिससे समाज में प्रतिभा सामने आए। हम सब मिलकर एक विकसित और मजबूत समाज का निर्माण करें, ऐसा प्रयास होना चाहिए।

# पेंशनर्स संघ का दीपावली मिलन हुआ

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा**

पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा के दिवाली मिलन समारोह में दिवाली पर्व के इतिहास, वर्तमान जीवन में इस पर्व की उपयोगिता पर भंवर सिंह साहू, बाबूलाल साव, एमआर उपाध्याय, शिवलाल यादव, डॉ. वीणा साहू, भागवत देवदास ने विचार व्यक्त किए। दुखित राम साहू, राधेश्याम नायक नए साथियों का स्वागत किया गया।

बताया गया कि माह दिसंबर में तीर्थ यात्रा के लिए पंजीयन जारी है। इसके अतिरिक्त जो साथी श्रीलंका टूर जाना चाहते हैं उनका भी पंजीयन करा सकते हैं। संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान में दाऊ राम वर्मा, लेखराम वर्मा,



यूआर वर्मा, भागीरथी साहू को जवाबदारी दी गई। सभी सदस्य दिवाली में घर में बनाए गए व्यंजन का लुफ्त उठाए। पेंशनर्स भवन के लिए भूमि के संबंध में खुमान सिंह वर्मा अध्यक्ष ने जानकारी दी। राजनांदगाव बैठक के संबंध में बताया गया। इस आयोजन में दयाशंकर निषाद, एमआर निषाद, आत्माराम ध्रुव, सीएल सोनी, द्रोपती साहू, राधाबाई साहू, एमबी साहू, विमला साहू, शम्भूनाथ, एएम सार्वे, लोकेन्द्र नेताम, पुरुषोत्तम ध्रुव, बद्री ध्रुव, कैलाश मिश्रा, रविशंकर यादव, जय लाल कश्यप मौजूद थे।

# कृष्णा ने आकाश के पक्ष में किया प्रचार



**महासमुंद।** नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में प्रचार व मतदाता पर्ची का वितरण किया। इस दौरान नितेंद्र बैनर्जी, अजय थवाईत साथ मौजूद रहे। चंद्राकर ने मतदाता से अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस ने दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से युवा चेहरे के रूप में आकाश शर्मा को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा सरकार के 10 महीने के कार्यकाल से जनता का मनभर गया न ही किसी प्रकार का कोई विकास दिखाई दे रहा है।

# किसानों की बार-बार उपेक्षा करना भाजपा की आदत: विनोद

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद**

कांग्रेस कार्यकाल के समय किसानों के हितचिंतक बनने का ढोंग रचने वाले भाजपा के बड़े नेता आज अपने सरकार में मुंह में दही जमाए बैठे हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल में झलप पटेवा क्षेत्र के ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को फसल क्षति का मुआवजा देने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। अधिकतर किसानों को मुआवजा मिला भी। पश्चात विधानसभा चुनाव के चलते कुछ गांवों के किसानों को मुआवजा वितरण नहीं हो पाया था। लेकिन, सरकार बदलने के बाद से किसानों को भाजपा ने फसल क्षति का मुआवजा देना मुनासिब नहीं समझा। उस समय मुआवजा वितरण को लेकर हाय तौबा मचाने वाले भाजपा नेता आज इस मुद्दे पर बचते नजर आ रहे हैं।

उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने मुआवजा वितरण में हो रही अनायास देरी को लेकर कही। उन्होंने कहा कि बार बार क्षेत्र के किसानों द्वारा ज्ञापन आवेदन सौंपने के बाद भी किसानों की कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। मेरे द्वारा भी इस संबंध में कलेक्टर को पत्र के माध्यम से अवगत कराकर शीघ्र मुआवजा प्रदान करने निवेदन किया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अभी अंतिम बार नायब तहसीलदार झलप को क्षेत्र के किसानों ने 4 नवंबर को ज्ञापन



सौंपकर 9 नवंबर तक मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की थी। लेकिन, 9 नवंबर तक भी किसानों को कोई मुआवजा नहीं मिला। किसानों ने कहा था कि 9 नवंबर तक मुआवजा नहीं मिली तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। अब यदि किसान विरोध करने पर उतर आए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। सरकार द्वारा बार-बार किसानों की उपेक्षा का परिणाम भयंकर हो सकता है। किसान कोई खैरात नहीं अपना अधिकार मांग रहे हैं। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की किसान विरोधी सरकार किसानों की फरियाद सुनने को तैयार नहीं है। हजारों एकड़ की फसल ओलावृष्टि से बर्बाद हो गई। किसानों की मेंहनत पर पानी फिर गया। फसल बर्बाद होने से किसान कर्ज में दब गए। किसानों के हित के इस महत्वपूर्ण मसले पर भाजपा नेताओं ने मौन साध लिया।

चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ओला प्रभावित किसानों को मुआवजा प्रदान करने की घोषणा की थी। जिसके बाद कई गांवों के किसानों को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया गया।

कुछ ग्राम के किसान शेष रह गए थे। भाजपा ने ग्राम बरभाठा, गोंड़पाली, तेंदूवाही, सिनोधा, पचरी, नवागांव, बांसकुडा, जलकी, छपोराडीह, बिरबिरा, झाखरमुडा, धनगांव, रायतुम, रूमेंकल, खरोरा के कृषकों के फसल क्षतिपूर्ति की राशि अटका दिया। सालभर से क्षतिपूर्ति राशि नहीं मिलने से किसान आक्रोशित हैं। परिणाम स्वरूप किसान आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं।

**शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम**

# अभाव में जीना सिखाता है एनएसएस : अजय

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद**

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त इकाई द्वारा 10 नवंबर 2024 को रासेयो दिशा निर्देश कक्षा प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल निर्देशन एवं डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद के मार्गदर्शन एवं अजय कुमार राजा नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रासेयो लक्ष्य गीत के साथ किया गया।

अजय राजा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को अपने प्रतिभा को पहचानने का मंच प्रदान करता है, जिससे वह समाज सेवा



के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकता है। साथ ही सात दिवसीय विशेष शिविर में किस प्रकार से रासेयो की दिनचर्या होता है, जिसमें प्रातः प्रभात फेरी से संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम तक रासेयो स्वयंसेवकों की क्या भूमिका रहेगी, किस प्रकार स्वयंसेवक अपने ग्रुप के साथ मिलकर कार्य करेंगे उसकी जानकारी प्रदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को अभाव में जीना सिखाता है। प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना से दिल से जुड़ने को कहा गया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न स्तर के अधिकारियों के बारे में बताया। दिशा निर्देश कक्षा में स्वयंसेवकों द्वारा रासेयो डायरी के लक्ष्य गीत, सद्भावना गीत, नौजवान गीत, भोजन मंत्र का गायन किया गया। वरिष्ठ स्वयंसेवको द्वारा रासेयो देशी खेल राम रावण, ऐसे कैसे, कितने भई कितने खेल खेलाया गया। दिशा निर्देश कक्षा में वरिष्ठ स्वयंसेवक तरुण ध्रुव, मनोज देवांगन, उर्मिला साहू, श्रद्धा तिवारी, भुनेश्वरी पटेल, संध्या, लिलेश्वरी, लोकनाथ साहू, मोहित, खिलेश, आयुष देवांगन सहित अधिक संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। मंच संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक दल नायक गोपी सिन्हा ने किया।

